# वरिष्ठ नागरिकों की ट्रेन भगत की कोठी से रामेश्वरम् रवाना

**जोधपुर**, (कासं)। देवस्थान विभाग की वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के अन्तर्गत वरिष्ठ नागरिकों को लेकर तीसरी ट्रेन आज अपराह्न जोधपुर के भगत की कोठी से रामेश्वरम् के लिए रवाना हुई।

इस यात्रा को लेकर प्रदेश के वरिष्ठ नागरिकों में किस तरह का जबर्दस्त उत्साह का माहौल है, यह मंगलवार सुबह जोधपुर में भगत की कोठी रेलवे स्टेशन पर देखने को मिला। ट्रेन को राजस्थान बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष संगीता बेनीवाल एवं शहर विधायक मनीषा पंवार, रीको अध्यक्ष सुनील परिहार, नरेश जोशी, प्रो. अयूब खान, विजयलक्ष्मी, संभागीय आयुक्त कैलाशचन्द्र मीना, देवस्थान विभाग की आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी, अपर जिला कलैक्टर शहर (प्रथम) भास्कर विश्नोई, अतिरिक्त आयुक्त देवसस्थान ओ.पी. जैन एवं सहायक आयुक्त जतीन गांधी आदि की मौजूदगी में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।



देवस्थान विभाग की वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के अन्तर्गत तीसरी ट्रेन भगत की कोठी से जोधपुर संभाग के 1030 यात्रियों को लेकर रामेश्वरम् के लिए रवाना हुई।

ट्रेन में जोधपुर संभाग के कुल 1030 यात्री सवार हैं। इनमें जोधपुर जिले के 404, पाली के 201, बाड़मेर के 301 तथा जैसलमेर जिले के 71 यात्री शामिल हैं। इनके साथ ही यात्रियों की सुख-सुविधा एवं सेवा के लिए ट्रेन में 30 अनुरक्षक, एक ट्रेन प्रभारी तथा मेडिकल टीम भी हैं। तीर्थ यात्रा पूर्ण कर वरिष्ठ नागरिकों की यह ट्रेन 8 नवंबर को जोधपुर लौटेगी।

राजस्थान बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष संगीता बेनीवाल एवं शहर विधायक मनीषा पंवार ने इस योजना के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का आभार जताया और कहा कि जिस तरह श्रवण कुमार ने अपने माता-पिता को तीर्थ यात्रा करवाई थी। उसी तरह प्रदेश के मुखिया गहलोत ने राज्य के बुजुर्ग नागरिकों को माता-पिता तुल्य मानकर उन्हें तीर्थ यात्रा का सुख देने के लिए इस योजना का क्रियान्वयन किया है और इससे वरिष्ठ नागरिकों में व्यापक उत्साह होने के साथ ही सुखद अनुभूति का अहसास हो रहा है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने प्रदेश में हर आयु वर्ग का ख्याल रखते हुए विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों से लाभान्वित किया है। इस योजना ने वरिष्ठजनों को तीर्थ यात्रा सुविधा उपलब्ध करवाकर उनके जीवन के महत्वपूर्ण स्वप्नों को पूर्ण करते हुए स्वर्णिम उपलब्धि प्रदान की है। यह अपने आप में कल्याणकारी सरकार का ऐतिहासिक कदम है।

संभागीय आयुक्त कैलाशचंद मीना ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा की गयी बजट घोषणा के अंतर्गत जोधपुर संभाग के एक हज़ार से अधिक यात्री आज रामेश्वरम की तीर्थ यात्रा के लिए निकले हैं, सभी यात्रा को लेकर उत्साहित एवं प्रफुल्लित है। उन्होंने सभी यात्रियों को सकुशल यात्रा एवं यादगार अनुभव के लिए शुभकामनाएं दी।

देवस्थान आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी ने बताया कि बजट घोषणा के अन्तर्गत प्रदेश के 20 हजार वरिष्ठ नागरिकों को तीर्थ यात्रा करवाने की प्रक्रिया जारी है। उसी के अन्तर्गत जोधपुर से दूसरी तथा विभाग की तीसरी ट्रेन रामेश्वरम के लिए रवाना हुई है।

यात्रियों को विदाई देने के लिए उनके परिवार के लोग भी बड़ी संख्या में पहुंचे। भगत की कोठी रेलवे स्टेशन पर पुरुषों एवं महिलाओं का मेला सा लगा हुआ था।

## पार्षदों ने प्रभारी को ज्ञापन दिया

**आबूरोड**, (निसं)। पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय आबूरोड में खोलने को लेकर मुख्यमंत्री के नाम प्रभारी मंत्री महेन्द्र चौधरी को ज्ञापन सौंपा गया।

नगर पालिका के पार्षद प्रतिनिधि मंडल ने आगामी बजट में इस प्रस्ताव को शामिल करने की मांग की। नेता प्रतिपक्ष कांतिलाल परिहार व वरिष्ठ पार्षद नरगिस कायमखानी ने प्रभारी मंत्री को सौंपे ज्ञापन में बताया कि आबूरोड शहर जिले में जनसंख्या की दृष्टि से सबसे बड़ा शहर है। माउंट आबू उपाधीक्षक के क्षेत्राधिकार में आबूरोड शहर, सदर, रीको व माउंट आबू पुलिस स्टेशन आते है ऐसे में मुख्यावास माउंट आबू होने से छोटी मोटी समस्याओं को लेकर आबूरोड व आसपास के निवासियों को माउंट आबू का सफर तय करना पड़ता है। वहीं आबूरोड़ शहर में राजकीय कन्या महाविद्यालय खोलने सहित कई अन्य मांग भी बताई।

## अन्नकूट का भोग भगवान को लगा

**पाली**, (नि.सं.)। पाली शहर में इन दिनों मंदिरों में अन्नकूट की धूम मची हुई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पाली शहर के पल्ली वालों का बास स्थित ठाकुर जी का मंदिर में अन्नकूट महोत्सव मनाया गया। 8:00 बजे आरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया। पुजारी अशोक पेशवा झूमर दास किशोर रमेश वैष्णव आदि मौजूद रहे। इसी प्रकार छोटा रुणिचा धाम में अन्नकूट महोत्सव में पूरा हाउसिंग बोर्ड उमड़ा। यहां भी आरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया।

इसी क्रम में नागा बाबा बगेची शुद्ध गणेश, बजरंग बाग , पाल बालाजी मंदिरों में अन्नकूट महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। यह क्रम कार्तिक पूर्णिमा तक चलेगा।

# फर्जी पट्टे देने का आरोप, सांचौर में पार्षदों का धरना



सांचोर नगर पालिका के समक्ष भाजपा पार्षदों का धरना जारी है। फोटो-राष्ट्रदूत

**सांचौर**, निसं)। सांचौर नगर पालिका परिसर के समक्ष भारतीय जनता पार्टी के पार्षदों का दूसरे दिन मंगलवार को भी धरना जारी रहा, वहीं उपखण्ड अधिकारी एवं तहसीलदार मौके पर पहुंच कर विभिन्न समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया।

धरने को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक जीवाराम चौधरी ने कहा कि नगर पालिका ने हवाई पट्टी एवं नेशनल हाईवे पर फर्जी पट्टे जारी किये थे। जिसका आनन - फानन में अखबार में एक विज्ञप्ति जारी कर पट्टों को निरस्त करने की बात कह रहे है। जबकि करीब 3 - 3 बीघा तीन पट्टे हाडेचा रोड पर फर्जी ओर भी पट्टे जारी कर दिये। जिसको अब धरना देने पर अधिशाषी अधिकारी इन पट्टो को निरस्त करने की बात कह रहे है। उन्होंने कहा कि समय रहते सभी फर्जी पट्टो का निरस्त नही किया तो धरना ओर उग्र किया जायेगा। इस अवसर पर नगर मण्डल अध्यक्ष पुरन्दर व्यास ने कहा कि जलदाय विभाग द्वारा पेजयल व्यवस्था पूर्ण रूप से चरमरा गई है, सर्दी की सीजन शुरू हो गई है। लेकिन अभी भी लोगों को पानी मोल खरीद कर पीना पड रहा है। उन्होंने कहा कि जलदाय विभाग की जलापूर्ति के लिए कोई ठोस स्कीम नही बना पा रही है। इस अवसर पर पार्षद विक्रम ग्वारिया ने कहा कि नगर पालिका में नगर पालिका के उच्चाधिकारियों द्वारा विकास में भारी भ्रष्टाचार किया जा रहा है। विकास के नाम पर डामर सड़क, सीसी सड़क एवं नालियों को मापदण्डों के अनुरूप कार्य नही किया जा रहा है। भाजपा नगर महामंत्री शम्भुसिंह राव ने कहा कि बोरला तालाब के विकास के नाम पर भारी भ्रष्टाचार किया जा रहा है। सौ से अधिक ट्रक मिट्टी भर कर बाहर ले जा रहे है। लेकिन उसकी रॉयल्टी नगर पालिका को नही मिल रही है, सीधी अधिकारियों की जेबों में जा रही है। नगर पालिका के समक्ष धरने पर बैठे पार्षदों ने मुख्यमंत्री के नाम उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जिसमें विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग की।

पार्षद मोडाराम बुनकर, वोहताराम, जयन्तीलाल पुरोहित, खेमाराम, पवनराज जीनगर, जालम सिंह राव, लक्ष्मीचंद जीनगर सहित सैकडों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

धरने के दूसरे दिन पूर्व विधायक जीवाराम चौधरी सुबह धरना स्थल पर पहुंचे, तब सैकडों की संख्या में लोग प्रार्थना पत्र लेकर अपनी समस्या के समाधान की मांग करने लगे। वार्डों में सफाई, गंदे पानी की निकासी, नालियों को ठीक करवाने, बिजली का खंभा ठीक करवाने सहित विभिन्न समस्याओं को लेकर लोग धरना स्थल पर पहुंचे।

धरना स्थल पर उपखण्ड अधिकारी शेलेन्द्रसिंह, तहसीलदार रामस्वरूप जोहर मौके पर पहुंचे तथा उन्होंने धरनार्थियों से धरना समाप्त करने की बात कही। तब सभी ने समाधान पर धरना स्वत: ही समाप्त करने की बात कही।

# गायों को लापसी खिलाई



पाली के पिंजरापोल गौशाला में नवनिर्मित घास गोदाम का उद्घाटन दानदाता परिवार के सदस्यों ने फीता काटकर किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली**, (नि.सं.)। गोपाष्टमी पर्व पर पाली शहर में कई गौशालाओं में कार्यक्रम आयोजित हुए।

पाली शहर की पिंजरापोल गौशाला, मानपुरा भाकरी बाईपास गौशाला, गिरादडॉ स्थित चारभुजा गौशाला में सुबह गायों का पूजन के साथ लापसी का भोग भी लगाया। जिसमें दानदाताओं धर्म प्रेमी ने भाग लिया। पिंजरापोल गौशाला में सुबह गायों को लापसी खिलाई गई और माता बहनों ने गौ माता का गुड खिलाकर कंकू मौली से पूजन किया। यहां पर मौजूद भक्त जनों को साध्वी प्रिय रंजना ने प्रवचन दिए, जिसमें गौ माता को जगत की पीड़ा हरने वाली जगत जननी बताया। इसके पश्चात यह नवनिर्मित घास गोदाम का उद्घाटन दानदाता परिवार के कमलादेवी नैन मल सालेचा, इंदिरा देवी छगनलाल सालेचा परिवार ने फीता काटकर किया। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक ज्ञानचंद पारख, गौशाला अध्यक्ष किरण राज लोढा खेरवा, छोगालाल बोहरा, मुख्य निदेशक मंत्री देवीलाल सांखला मौजूद थे।

इसके पश्चात पिंज़रा पोल गौशाला परिसर में निर्माणाधीन गो वत्सल श्री राधा कृष्ण सर्वधर्म देवालय के दानदाताओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें अतिथि में विधायक ज्ञानचंद पारख, सभापति रेखा राकेश भाटी, वरिष्ठ उद्योगपति पीयूष गोगड़ मौजूद रहे। जिनका गौशाला समिति द्वारा स्वागत किया गया। मंदिर के दान दाता छगनलाल सालेचा, उगमराज सांड, देवीलाल सांखला, रवी मोहन भूतडा, का साफा माला पहना स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में लंपी बीमारी में गौ माता की सेवा करने वाले योद्धाओं और समाजसेवी संस्थाओं को भी सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर समिति के प्रदीप मुथा, गुमान मल भंसाली, भीम सिंह मेहता, श्री सिंह सभा के आनंद गांधी, उद्योगपति विनय बम, सोनाराम पटेल, राजू कवाड़, रजनीश कर्णावत सुरेश मेहता, प्रदीप सिंह, सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।

इसी प्रकार गौ रक्षा समिति की ओर से मानपुरा भाकरी बाईपास पर शाम 4 बजे गोपाष्टमी कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के पश्चात गो भक्तों को प्रसाद भी खिलाया गया।

## संजीव बालयान जैसलमेर आए

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। केन्द्रीय मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री डॉ. संजीव बालयान मंगलवार को चार दिवसीय दौरे पर जैसलमेर आए। वे यहां दिनांक 04 नवम्बर को होटल मेरियट में आयोजित संसदीय सलाहकार समिति की बैठक में भाग लेंगे। इससे पूर्व वे जैसलमेर क्षेत्र के पर्यटन स्थलों का भ्रमण करेंगे।

## लोक अदालत पर चर्चा की

**जोधपुर**, (कासं)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर एवं न्यायाधिपति एवं राजस्थान उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति जोधपुर के अध्यक्ष विजय बिश्नोई के निर्देशानुसार 12 नवंबर को राजस्थान उच्च न्यायालय में इस वर्ष की चतुर्थ राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।

इसके सफल आयोजन के लिए अध्यक्ष विश्नोई की अध्यक्षता में राजस्थान उच्च न्यायालय के मध्यस्थता केन्द्र परिसर में मंगलवार को एक बैठक का आयोजन किया गया।

उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति के सचिव अजीज खान ने बताया कि राजस्थान उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति, जोधपुर के अध्यक्ष विजय बिश्नोई की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में उपस्थित लोगों ने अधिकाधिक प्रकरणों के निस्तारण के लिए सहयोग का आश्वासन दिया।

# सतर्कता जागरूकता सप्ताह के कार्यक्रम जारी



सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अन्तर्गत यूको बैंक जोधपुर अंचल की 69 शाखाओं व अंचल कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

**जोधपुर**, (कासं)। केंद्रीय सतर्कता आयोग, भारत सरकार के निर्देशानुसार यूको बैंक जोधपुर अंचल सतर्कता जागरूकता सप्ताह -2022 मनाया जा रहा है। इसके अन्तर्गत यूको बैंक जोधपुर अंचल की 69 शाखाओं व अंचल कार्यलय मे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह की कडी में मंगलवार को यूको बैंक द्वारा जोनल मैनेजर एस. श्रीकांत के नेत्रव एक वॉकथॉन का आयोजन किया गया। इस वॉकथॉन में यूको बैंक के कर्मचारियों ने साफे पहन कर यूको बैंक जोनल ऑफिस (पाल लिंक रोड जोधपुर) से सम्राट अशोक उद्यान तक वॉकथॉन निकाला।

रैली मे कर्मचारी रंगबिरंगे साफों के साथ भ्रस्टाचार रोकने के सलोगन की तख्तियाँ ले रखी थी। वॉकथॉन का रास्ते मे कई जगह स्वागत किया गया। वॉकथॉन के अशोक उद्यान में पहुंचने के बाद अशोक उद्यान में उपस्थित लोगों के सामने एक नुक्कड़ नाटक में मार्केटिंग ऑफिसर अशरफ अली व मार्केटिंग टीम ने भ्रष्टाचार मुक्त यूको बैंक की नाट्य प्रस्तुति दी। वॉकथॉन को सम्बोथित करते हुए जोनल मैनेजर एस. श्रीकांत ने कर्मचारियों से भ्रष्टाचार मुक्त बैंक बनाने का आहवाहन किया। वॉकथॉन मे यूको बैंक के अधिकारी कर्मचारी व उन्हके परिवार के सदस्य शामिल हुए।

## अपहरण का प्रयास, बच्ची भाग निकली

**जोधपुर**, (कासं)। चैनपुरा क्षेत्र से दो महिलाओं ने एक बच्ची के अपहरण का प्रयास किया। बच्ची व परिजनों का कहना है कि वह दोनों महिलाओं को गच्चा देकर भाग कर घर पहुंच गई।

चैनपुरा निवासी मुकेश कुमार भाटी जैसलमेर में एक बैंक में मैनेजर के पद पर कार्यरत है। उनकी आठ वर्षीय बेटी कविष्का ऊर्फ सेठू दोपहर तीन बजे के करीब अपने घर के बाहर खेल रही थी। बच्ची का कहना है कि काले कपड़े और काली बिंदी लगाए दो महिलाएं वहां आई। दोनों के हाथ में बोरे थे। महिलाओं ने सेठू को पहले चॉकलेट ऑफर की। मना करने पर जबरन चॉकलेट देने का प्रयास किया गया। एक महिला ने उसका हाथ पकड़ लिया। उसने मना किया और कहा कि वह अपने आप खा लेगी। इस दौरान एक अंकल वहां पहुंच गए। इस पर उन्होंने जैसे ही हाथ छोड़ा सेठू वहां से भाग निकली। इस घटना से हतप्रभ भाटी रात को ही जैसलमेर से जोधपुर पहुंच गए। उनका कहना है कि हमारा पूरा परिवार सदमें में है। हम इस घटना को याद कर पूरी रात सो नहीं पाए। उनका कहना है कि बच्ची ने देखा था कि एक महिला के हाथ में थामा बोरा अंदर से हिल रहा था। शक है कि बोरे में कोई बच्चा न हो। वहीं इस क्षेत्र के निवासी का कहना है कि एक व्यक्ति ने चार चॉकलेट नीचे गिरा दी थी और वहां खेल रहे बच्चों से कहा कि चॉकलेट नीचे गिर गई है। जिन्हें बच्चों को उठा कर वापस देने का प्रयास किया। किसी ने वे चॉकलेट नहीं खाई।

# मिलावटी पेट्रोल-डीजल बेचने का खुलासा

**पाली**, ()। हाइवे पर चल रहे ढाबों की आड़ में अवैध रूप से डीजल-पेट्रोल बेचने के गिरोह का खुलासा हुआ है। गिरोह के मेंबर टैंकरों से डीजल-पेट्रोल निकालकर कम दाम में ढाबा मालिकों को बेचते। इसके बाद हाइवे पर चलने वाले ट्रक ड्राइवरों को कम दाम में बेचा जाता। डीएसटी और पुलिस टीम ने सोमवार रात कार्रवाई चार आरोपियों और वाहनों को जब्त किया। मामला पाली के रोहट का है।

एसपी डॉ. गगनदीप सिंगला ने बताया कि मामले की जानकारी मिलने पर सीओ ग्रामीण मंगलेश चुंडावत और रोहट पुलिस मौके पर पहुंची। डीएसटी टीम प्रभारी मनमंथ आढ़ा के नेतृत्व में टीम ने सोमवार शाम घुमटी-चोटिला रोड पर रेलवे फाटक-19 के सामने स्थित ढाबों पर कार्रवाई की। इस दौरान टैंकरों से डीजल-पेट्रोल चोरी करते हुए देखा गया। एसपी ने बताया कि टैंकरों से डीजल-पेट्रोल चोरी कर ड्राइवर बाजार भाव से 10 से 20 रुपए प्रति लीटर कम रेट में ढाबा संचालकों को बेचते थे। इसके बाद ढाबा संचालक मुनाफा कमाने के चक्कर में एक केमिकल मिलाकर बाजार भाव से कम रुपए में हाइवे से गुजरने वाले ट्रक चालकों को बेचते थे। कीमत कम होने के चलते कई ट्रक ड्राइवर इनके ग्राहक बन गए।

सीओ ग्रामीण मंगलेश चुंडावत ने बताया कि मौके से 10 हजार लीटर डीजल,10 हजार 735 लीटर पेट्रोल एक ड्रम में 190 लीटर भरा केमिकल, एक टैंकर, लोडिंग थ्री व्हीलर, दो बाइक जब्त की गई। मामले में आरोपी जोधपुर जिले के शेरगढ़ थाना क्षेत्र निवासी दीप सिंह पुत्र विड़द सिंह राजपूत, जोधपुर के मोगड़ा (विवेक विहार) नर सिंह पुत्र श्रवणराम पटेल, मोगड़ा निवासी दिनेश पुत्र पाबूराम पटेल, विरेन्द्र पुत्र भगाराम पटेल शेरूदास पुत्र गणपतदास वैष्णव को गिरफ्तार किया गया।

प्रारंभिक जांच में सामने आया कि टैंकरों से डीजल-पेट्रोल चोरी कर ड्राइवर सप्लायर के साथ मिलकर ढाबों पर बेचते थे।

कार्रवाई करने वाली टीम में ग्रामीण सीओ मंगलेश चुंडावत, रोहट एसएचओ उदय सिंह मय जाप्ता मौके पर पहुंचे। देर रात दो बजे तक कार्रवाई जारी रही।

गौरतलब है कि इस रोड पर नायरा पेट्रोलियम कंपनी का तेल डिपो है। रोहट थाना क्षेत्र के केरला चौकी से महज एक किलोमीटर की दूरी पर ढाबों की आड़ में अवैध रूप से पेट्रोल-डीजल चोरी कर बेचने का गोरखधंधा चल रहा था। न तो केरला चौकी प्रभारी को इसकी भनक लगी न रोहट थाना प्रभारी को। सालों से हाइवे पर ढाबे की आड़ में पेट्रोल-डीजल, मादक पदार्थ बेचने का गोरखधंधा चल रहा है।

## भाजपा नेता की पुत्रवधु पर जानलेवा हमला

**भीनमाल**, (निसं)। बाबा रामदेव कॉलोनी गुन्द्रिया में मंगलवार को दिनदहाड़े करीब ढाई बजे भाजपा के वरिष्ठ नेता व व्यवसायी जोरावरसिंह राव के घर पर उनकी पुत्रवधु शिल्पी कंवर पत्नी महिपाल सिंह राव पर बदमाशों ने जानलेवा हमला किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार घर पर अकेली महिला शिल्पी कंवर ने अचानक हुए इस हमले से बचने के लिए भी काफी प्रयास किये और बदमाश वारदात को अंजाम देकर भाग गए। शिल्पी कंवर के चिल्लाने की आवाज पर अडोस पड़ोस की महिलाएं व व्यक्ति ने उन्हें उपचार के लिए तुरंत ही राजकीय अस्पताल ले गए। सूचना मिलते ही थानाधिकारी लक्ष्मण सिंह चंपावत ने तुरंत पुलिस जाब्ता के साथ वारदात स्थल पहुँचे व मौका मुआयना किया। नाकाबंदी करवाने के साथ ही पुलिस बड़ी सरगर्मी से बदमाशों की तलाश कर रही हैं। चंपावत ने बताया कि आस पास के सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला जा रहा है व वारदात का क्लू मिलते ही बदमाश पकड़े जायेंगे। जिस वक्त बदमाशों ने हमला किया, वह अकेली ही थी। ससुर की करड़ा चौराहा सिथत चश्मे की दुकान पर गए हुए थे। सास दो तीन दिन पहले ही पीहर गई थी। शिल्पी कंवर के पति महिपाल सिंह सरकारी शिक्षक होने की वजह से ड्यूटी पर गए हुए थे।

# अंतर जिला सिविल सेवा कबड्डी प्रतियोगिता शुरू

**बाड़मेर**, (निसं)। खेलकूद प्रतियोगिताओं के आयोजन से निरोगी राजस्थान का सपना साकार होगा। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की मंशा है कि हमारा राजस्थान निरोगी रहे और खेलों में युवा आगे बढ़ते हुए कीर्तिमान स्थापित करें। इसके लिए विभिन्न प्रकार की खेलकूद गतिविधियों का आयोजन करवाया जा रहा है। राजस्थान गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष बाड़मेर विधायक मेवाराम जैन ने मंगलवार को बाड़मेर जिला मुख्यालय पर आदर्श स्टेडियम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रथम राजस्थान राज्य अंतर जिला सिविल सेवा खेलकूद कबडडी प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए यह बात कही।

राजस्थान गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष एवं विधायक मेवाराम जैन ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में भाईचारे को बढ़ाने एवं युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए कुछ समय पूर्व राजीव गांधी गांधी ग्रामीण ओलम्पिक का आयोजन हुआ था। राजस्थान सरकार ने पहली बार वृहद स्तर पर खेलकूद प्रतियोगिताओं की शुरूआत की है। इसमें आमजन उत्साहपूर्वक भाग ले रहे है। खेलों के माध्यम से हम सब स्वस्थ जीवन जी सकते है। उन्होंने राज्य सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए जरूरतमंदों को लाभांवित करवाने की अपील की। अध्यक्षीय उदबोधन में बाड़मेर जिला कलैक्टर लोक बंधु ने कहा कि सरकारी कर्मचारियों-अधिकारियों के मध्य खेलकूद को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार के निर्देशानुसार खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है। यह बेहद खुशी की बात है कि पहली मर्तबा अंतर जिला सिविल खेलकूद कबडडी प्रतियोगिता का जिम्मा बाड़मेर जिले को सौंपा गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा समेत अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं से अधिकाधिक लोगों को जोड़ने की बात कही। जिला कलक्टर ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलने के साथ हारने वाली टीम के खिलाड़ी निराश नहीं हों और अगली बार बेहतर मेहनत कर विजयी बनने का प्रयास करें। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के तौर पर पुलिस अधीक्षक दीपक भार्गव, नगर परिषद के सभापति दिलीप माली, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ओमप्रकाश विश्नोई, अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रकाश अग्रवाल, अश्विनी पंवार उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत में राजस्थान गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष मेवाराम जैन एवं अन्य अतिथियों ने खेलकूद प्रतियोगिताओं की विधिवत शुरूआत की। स्वागत उदबोधन में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ओमप्रकाश विश्नोई ने कहा कि खेलों से शारीरिक और मानसिक विकास के साथ जीवन को नई दिशा मिलती है। उन्होंने इस तरह के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इससे खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिलता है। उन्होंने जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी। इस दौरान बाड़मेर ग्रामीण पंचायत समिति के उप प्रधान छोटूसिंह, विकास अधिकारी सुरेश कविया समेत विभिन्न विभागीय अधिकारी, गणमान्य नागरिक एवं आमजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन ओम जोशी ने किया। तीन नवंबर तक चलने वाली प्रथम राजस्थान राज्य अंतर जिला सिविल सेवा खेलकूद कबडडी प्रतियोगिता 2022-23 में 19 जिलों की टीमों के करीब तीन सो खिलाडी भाग ले रहे है। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी।

थार की संस्कृति को सात समंदर पार पहुंचाने एवं विदेशों में धाक जमाने वाले लोक कलाकार पद्मश्री अनवर खान का राजस्थान राज्य संगीत अकादमी एवं केंद्रीय संगीत अकादमी में सदस्य मनोनीत होने पर आदर्श स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के शुभारंभ पर अभिनंदन किया गया।

# शिविर सिलिकोसिस से संबंधित जांच की

**जालोर**, (कासं)। जालोर जिले में संभावित सिलिकोसिस रोग से ग्रसित व्यक्तियों के स्वास्थ्य की जांच के लिए मंगलवार को जिला क्षय निवारण केंद्र जालोर में सिलिकोसिस शिविर का आयोजन किया गया।

जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. असीम परिहार ने बताया कि जिला कलक्टर निशांत जैन के निर्देशन में मंगलवार को जिला क्षय निवारण केंद्र जालोर में सिलिकोसिस रोगियों के स्वास्थ्य की जांच की गई। उन्होंने बताया की सिलिकोसिस बोर्ड में फिजिशियन डॉ. रमेश चौधरी, डॉ. विजय कुमार मीणा और रेडियोलॉजिस्ट डॉ. नवीन चौहान ने संभावित सिलिकोसिस रोगियों की जांच के साथ सिलिकोसिस रोग के बारे में जानकारी दी गई।

## 1472 नशीली गोलियां बरामद

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर जिले की ग्रामीण पुलिस ने देचू मेगा हाइवे पर एक मेडिकल स्टोर से रेड देकर वहां से भारी मात्रा में नशीली गोलियां बरामद की है।

जिला पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अनिल कयाल ने बताया कि नशीली गोलियों सहित दो तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की । उन्होंने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि देचू थाना हलका में सेतरावा के पास मेगा हाई - वे पर संचालित जुझार मेडिकल स्टोर पर अवैध नशीली गोलियों की आसूचना पर थानाधिकारी पुलिस थाना देचू राजेश विश्नोई के साथ जिला स्पेशल टीम द्वारा जुझार मेडिकल स्टोर के संचालक नखत सिंह निवासी अभयगढ़ जैतसर व कालूसिंह निवासी डागरी थाना सागड़ जैसलमेर को पकड़ा गया।

**Office Of Gram Panchayat DARBARI KA GANV, Block- JAISALMER**

S.No. Grapa/Tender/2022-23/35 Dated:- 29.10.2022

**E-Tender Notice No. - 01/2022-23**


Under Mahatma Gandhi NREGA and other scheme in the financial year 2022-23 in Gram Panchayat DARBARI KA GANV, E-tenders are invited till dated 07.11.2022 till 6:00 PM , from the willing manufacturers and suppliers, for the supply of construction materials for the construction works to be carried out. Further details regarding the tender can be checked on the web portal http://www.sppp.rajasthan.gov.in and http://www.eproc.rajasthan.gov.in NIB Code: PFI2223A0012

UBN Code: PFI2223GLOB00012

VDO/Sarpanch
Gram Panchayat DARBARI KA GANV
Block - JAISALMER

## सार-समाचार

### आसिफ खोखर जिलाध्यक्ष बने


आसिफ खोखर

**जालोर**, (कासं)। सरवरी युवा फाउण्डेशन एण्ड एज्युकेशन ट्रस्ट (सरवरी युवा संगठन)के प्रदेशाध्यक्ष मिश्री शाह जुनेजा के निर्देशानुसार सचिव गुलाब कणिया ने मंगलवार को आसिफ खोखर को जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। खोखर के जिलाध्यक्ष बनने पर मुस्लिम समाज के युवा कार्यकर्ताओं ने उनका फूल मालाओं से स्वागत किया। जालोर निवासी आसिफ खोखर पुत्र समदरखां को राष्टीय अध्यक्ष आली गंगु शाह व प्रदेश गुलाव कनिया प्रदेश सचिव राजस्थान अध्यक्ष मिश्री शाह जुनेजा की अनुशांसा पर जिलाध्यक्ष जालोर के पद पर नियुक्त किया। संगठन को पूर्ण विश्वास है कि आप अपने पद का निष्ठापूर्वक व ईमानदारी से संगठन के प्रचार प्रसार में ओर कौम के प्रति अपने कर्तव्यों का सकारात्मक सोच के साथ हमेशा संगठन और समाज के लोगो की मदद करेगें एवं संगठन के द्वारा दिये गये हर कार्य को आप अपनी जिम्मेदारी समझते हुए अपने कार्य का पूर्ण करेंगे। हमे पूरा विश्वास है कि आप अपनी जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी से निभायेंगे एवं संगठन को आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे।

### ओम भिक्षु जप अनुष्ठान हुआ

**पाली**, (नि.सं.)। तेरापंथ भवन में मुनि श्री तत्वरुचि तरुण एवं मुनि श्री संभवकुमार जी के सानिध्य में प्रातः 7:00 बजे से साय 7:00 बजे तक बारह घंटे का ओम भिक्षु मंत्र के जप अनुष्ठान का कार्यक्रम तेरापंथ युवक परिषद के तत्वाधान में तेरापंथ किशोर मंडल पाली द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें 100 से अधिक सदस्यों ने भाग लिया। किशोर मंडल के सयोजक दक्ष बाँठिया एवं सह सयोजक प्रक्षाल चौपडा, कृष चौपडा ने बताया कि ओम भिक्षु जप अनुष्ठान में तेरापंथ सभा, तेरापंथ महिला मंडल, तेरापंथ युवक परिषद, तेरापंथ किशोर मंडल, तेरापंथ कन्या मंडल एवं ज्ञानशाला आदि संस्थाओं के सदस्यों ने बड़े उत्साह से भाग लिया। किशोर मंडल ने ओम भिक्षु मंत्र के जप का लक्ष्य सवा लाख का रखा था किंतु जप का अकड़ा पहुँचा साढ़े तीन लाख पार। यह सदस्यों की आचार्य भिक्षु के प्रति अगाध श्रद्धा का परिणाम था। तेरापंथ युवक परिषद मंत्री पीयूष चोपड़ा ने कहा कि कार्यक्रम को सफल बनाने में मुनि श्री की प्रेरणा एवं किशोर मंडल का पुरुषार्थ विशेष रहा। इस अवसर पर किशोर मंडल सदस्य दक्ष बाँठिया, कृष चौपडा , प्रक्षाल चौपडा , ऋषि गादिया, सजल छाजेर, उदय दुग्गर , तुषार गोलेचा, नक्षत्र नाहटा, गरविश कांकरिया , हार्दिक चौपडा , हर्षित कटारिया, निहार बफ़ना, हर्षिल चौपडा आदि का व्यवस्था में सहयोग रहा।

### फलौदी क्षेत्र की जन समस्याएं बताई

**बाप**, (निसं)। पुलिस विभाग से सेवा निवृत एडीशनल एसपी व किसान मजदूर संगठन के सहीराम सिड्डा ने फलौदी विधानसभा क्षेत्र में व्याप्त जन समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन उपखंड अधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में लिखा कि एक माह में उक्त समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा। किसान मजदूर संगठन के सहीराम सिड्डा ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपे ज्ञापन में सम्पूर्ण बाप क्षेत्र को नहर परियोजना से जोड़ने, सोलर हब फलोदी व बाप क्षेत्र के किसानों को नहरी सिचाई से नहीं जोड़े तब तक मुफ्त में बिजली और ट्यूबवेल कनेक्शन देने, लम्पी की बीमारी से लाखो गायो की मौत हुई हैं। उन पशु पालकों को मुआवजा राशि देने, मरुधरा के सभी किसानो को फसल बीमा योजना से स्वतः जोड़ने, गोचर व ओरण भमि की चारदीवारी करवाने, प्रदेश के किसानो कों उनके कृषि उत्पादों पर एमएसपी दिलाने, शिक्षा व्यवस्था का सुधारने के लिए रिक्त पदों को भरने, इंटरनेट सुविधा सुदृढ करने, फलोदी क्षेत्र में औद्योगिक विकास करने की मांग की गई है। इसके अलावा हर घर नल योजना - यह योजना हर घर में झगडे का कारण बन गई हैं। ठेकेदार मन मर्जी से कनेक्शन दे रहे हैं। पारदर्शिता नाम की कोई चीज नहीं हैं। कार्य में गुणवत्ता का अभाव हैं। सरकार की महत्वपूर्ण फ्लेगशिप योजना धरातल पर लागु नहीं हैं। दूर दराज के गांवों में, जहां अस्पताल ही नहीं हैं वंहा के लोग इस योजना से पूर्णतः वंचित हैं। प्रदेश में ८० प्रतिशत आबादी गांवो में हैं। नजदरकी सीएचसी नहीं हैं। ऐसे में यह योजना धरातल पर कैसे फायदा पहुंचाएगी। सरकार इस पर विचार करें।

### अन्नकूट महोत्सव गुरुवार को

**पाली**, (नि.सं.)। टैगोर नगर स्थित पाण्डेश्वर वीर हनुमान मंदिर धाम में अन्नकूट महोत्सव छप्पन भोग प्रसादी का लगेगा भोग। संस्थापक अध्यक्ष नरेश पाण्डे ने बताया कि पाण्डेश्वर वीर हनुमान की आरती कर अन्नकूट प्रसाद का लगेगा भोग। महिलाओं द्वारा भंजन कीर्तन किया जाएगा । इस शुभ अवसर पर चाणक्य आश्रम के गादीपति महर्षि जगदीशानन्द महाराज, विधायक ज्ञानचंद पारख, पूर्व विधायक भीमराज भाटी, चेयरमैन रेखा राकेश भाटी, पूर्व चेयरमैन महेंद्र बोहरा,महावीरसिंह सुकरलाई,उपसभापति ललित प्रितमानी,किसान नेता गिरधारी सिंह मण्डली,पार्षद सुल्तान सिंह मानपुरा, मोंटू भाई,राधेश्याम चोहान, दीपाराम राव,सिखवाल ब्राह्मण समाज के पूर्व अध्यक्ष सोहनलाल उपाध्याय, हीरालाल व्यास,नेमीचंद उपाध्याय, गोपाल उपाध्याय, गजानंद उपाध्याय, प्रेमसिंह पाटोदी,पंडित महावीर प्रसाद, विशाल पाण्डे, अनिल पाण्डे,राजू सिंह सिसोदिया आदि उपस्थित रहेंगे।

### विजेता टीम का स्वागत किया

**रेवदर**, (निसं)। नामदेव युवा क्रिकेट प्रतियोगिता 2022 का आयोजन सिरोही जिले के जावाल में किया गया। जिसमें फाइनल मैच में मामाधनी लुनोल की टीम विजेता बनी और उपविजेता गोगाजी वारियर्स , नई धनारी रही। प्रतियोगिता के समापन समारोह में भामाशाहों का स्वागत एवम् सम्मान किया गया। उसके बाद विजेता टीम लुनोल और उपविजेता टीम नई धनारी को ट्रोफी दी गई। एवंम् मुख्य अतिथि द्वारा नामदेव छिपा के खिलाडियों इसी तरह खेलों में भाग लेने के लिए उत्साहवर्धन किया गया। मैन दी सीरीज और बेस्ट बैट्समैन योगेश परिहार और बेस्ट बॉलर मनोहर नामदेव रहे। विजेता टीम के अपने गांव लुनोल पहुँचने पर नामदेव छीपा समाज के लोगो व ग्रामीणों ने खिलाड़ियों का स्वागत व अभिनन्दन किया। इस अवसर पर मफतलाल छीपा, लक्ष्मण राम , डूंगर मल सहित कई लोग उपस्थित थे।

### चलती कार में आग लगी

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर से जैसलमेर जाने वाले मार्ग पर 20 मील के पास एक चलती हुई कार में अचानक से आग लग गई। देखते ही देखते आग से पूरी कार जल गई। जानकारी के अनुसार एक कार जोधपुर से जैसलमेर की तरफ जा रहे थे। कार के 20 मील के पास पहुंचने के दौरान अचानक से ही आग लग गई। ड्राइवर ने गाड़ी को साइड में रोककर अपनी जान बचाई। मौके पर अन्य वाहन चालकों ने फायर ब्रिगेड की टीम को सूचना दी लेकिन फायर ब्रिगेड की गाड़ी जब तक पहुंची तब तक आग से कार जल चुकी थी। आग का कारण शॉर्ट सर्किट होना बताया जा रहा है।

### जैन के सेवानिवृत्त होने पर समारोह किया

**पाली**, (नि.सं.)। पाली अर्बन को ऑपरेटिव बैंक के महाप्रबंधक पद पर कार्यरत शांतिलाल जैन के सेवानिवृत्त होने पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बैंक के पदाधिकारियों ने उनका गरिमामई बैंक की सेवाएं करने पर उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर उनके परिवारजनों और जैन समाज के लोगों ने भी माला पहना स्मृति चिन्ह देकर उनका बहूमान किया।

### अपडेट करने के बाद फिर अटका सर्वर

**भेडाणा**, (निसं)। रसद विभाग की ओर से सोमवार को तकनीकी पोस मशीन में राशन वितरण को लेकर आ रही समस्या एक बार तो समाधान निकल दिया। कुछ देर बाद फिर से सर्वर ठप हो गया जिससे ग्रामीणों की बहुत भीड जमा हो गई। उसके बाद फिर से पोस मशीन में सर्वर कछुआ साल चलने से अक्टूबर के अंतिम दिन भी जरूरी बंधुओं को राशन नहीं मिला। जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

### टेपू सीनियर स्कूल में मशीन भेंट की

**बाप**, (निसं)। सौर्य ऊर्जा कंपनी ने टेपू गांव स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सेनेटरी नेपकिन मशीन भेंट की। नरेन्द्र सिंह ने बताया कि स्कूल में सौर्य ऊर्जा कंपनी ने सेनेटरी नेपकिन मशीन को स्थापित करने के साथ डेमो भी दिया। कंसल्टेंट मनोज व्यास, पूर्व सरपंच चन्द्रसिंह, पूर्व पंचायत समिति सदस्य दुर्जन सिंह, सुमेर सिंह आदि मौजूद रहे।

# प्रदेश की कांग्रेस सरकार से जनता पीड़ित है: श्रवण सिंह बोरली

- जालोर भाजपा के जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली ने जालोर जिले के साथ राजस्थान सरकार द्वारा सौतेले व्यवहार का आरोप लगाया

**जालोर**, (कासं)। जालोर भाजपा के जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली ने जालोर जिले के साथ राजस्थान सरकार द्वारा सौतेले व्यवहार का आरोप लगाते हुए बताया कि जिले की जनता सरकार और सरकारी तंत्र से पूर्ण रूप से परेशान हैं, लेकिन सरकार द्वारा किसी भी प्रकार की राहत नहीं दी जा रही हैं। जिले भर में पेयजल सहित बिजली, सड़क, कृषि हेतु पानी, भ्रष्टाचार, कानून व्यवस्था परेशान हैं।

जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली ने बताया कि जालोर जिले में सरकार के द्वारा सकारात्मक प्रगति के लिए कुछ भी नहीं किया गया हैं, राजनीतिक संरक्षण में भ्रष्टाचार में दिनोंदिन बढ़ोतरी हो रही हैं। उन्होने बताया की क्षेत्र में कृषि कार्यो के लिए एक मात्र स्त्रोत नर्मदा नहर हैं, जिसमें भी भ्रष्टतंत्र के कारण अनुचित पानी वितरण के कारण किसान वर्ग में चिंता बनी हुई हैं। इस वर्ष बरसात अच्छी होने के कारण जवाई बांध में पानी उपलब्ध होने पर भी सरकार द्वारा जवाई नहीं में पानी नहीं छोडा गया, जिसके कारण क्षेत्र में भू जल में भारी गिरावट आई हैं, जिसके कारण किसानों द्वारा कृषि कार्यो के लिए नर्मदा नहर पर आश्रित होने के अतिरिक्त और कोई विकल्प नहीं उपबध हैं। बाढ़ के हालात होने पर जवाई बांध के पानी को जालोर के लिए छोडा जाता हैं, लेकिन जब जालोर जिले को कृषि और पीने के लिए जवाई बांध के पानी की आवश्यक्ता होती हैं तो सरकार द्वारा जालोर जिले की अनदेखी की जाती हैं। भूमिपुत्रों को पानी के साथ-साथ आवश्यकता के अनुरूप बिजली भी उपलब्ध नहीं होने के कारण वे सिंचाई नहीं कर पा रहे है और मशीनों के संचालन के लिए मंहगाई की स्थिति में भी ईधन को खरीदने के लिए मजबूर हैं। सरकार एवं बिजली विभाग के कर्मचारियों को पूर्व में भी शिकायतें करने के उपरांत भी स्थिति ज्यों की त्यों बनी हुई हैं। राजस्थान सरकार के संरक्षण में भ्रष्टाचार आम समस्या हो चुकी है। सांचौर नगर पालिका क्षेत्र में प्रशासन शहरों के संग अभियान में सार्वजनिक स्थलों के पट्टे विशेष लोगों को उपलब्ध करवा दिय गए है। जिसके विरूद्ध में सांचौर नगर पालिक के पार्षदगण धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। साथ ही सांचौर नगर पालिका क्षेत्र में नालियों, सड़कों के निर्माण कार्यों में गुणवत्ता की अनदेखी करने, वार्डों की समस्याओं सहित स्वच्छता, बिजली, पानी की विभिन्न मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरणा चल रहा हैं। भ्रष्टाचार में सरकार पूर्णतः डूब चुकी है। सार्वजनिक स्थलों पर पट्टे जारी होने के साथ-साथ बिजली उपकरण, सड़क निर्माण कार्य एवं अपराधिक गतिविधियों में भी भ्रष्टाचार सक्रिय भूमिका निभा रही हे।

क्षतिग्रस्त सडकों के लिए राजस्थान सरकार के विरूद्ध जन अधिकार यात्रा एवं धरने, विरोध पदर्शनों के माध्यक्ष से भी लिखित एवं मौखिक सूचना दी जा चुकी हैं, लेकिन उसके संबंध में किसी प्रकार का सकारात्म परिमाण दिखाई नहीं दे रहे हैं।

जालोर जिला मुख्यालय पर आयोजित महा पडाव कार्यक्रम के दौरान जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली द्वारा चलाए गए धरने को समाप्त करने के लिए जिला कलेक्टर द्वारा तुरंत सही करवाने का आश्वासन प्राप्त हुआ था, लेकिन सरकार और कर्मचारियों द्वारा लिपापोथी कर काम को पुनः रोक दिया और जनता को बेवकुफ बनाने का काम किया।

जालोर जिले के किसानों को आर्थिक संबंल देने वाली नर्मदा नही में पानी के अनुसूचित वितरण व्यस्थ्था के अभाव में भ्रष्टाचार के शिकार हुए है। नर्मदा नहर कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। जिसमें पुर्ननिर्माण हेतु सरकार द्वारा बजट पास किया गया हैं, लेकिन स्थानिय प्रशासन और सरकारी निगरानी के अभाव के कारण पुर्ननिर्माण का कार्य शुरू होने से पूर्व ही बजट उठा लिया गया हैं, और नर्मदा नहर में पुर्ननिर्माण के काम किया ही नही गया। भ्रष्टाचार में राजस्थान देश में अव्वल हैं, वहीं राजस्थान में सर्वाधिक भ्रष्टाचार जालोर जिले में हो रहा हैं। सरकारी तंत्री और पुलिस प्रशासन की शिथिलता के कारण सरकारी कार्यालयों में भ्रष्टाचार आम बात हो चुकी है। सांचौर नगर पालिका में जन्म-मृत्यु पंजिकरण से लेकर प्लोट के पंजीकरण में भी भ्रष्टाचार के नाम पर आमजन से वसुली की जाती हैं। जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली ने बताया की अगर सरकार और सरकारी तंत्र जिले के साथ हो रहे सौतेले व्यवहार और अपराधिक गतिविधियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही नहीं करती हैं तो भारतीय जनता पार्टी विशाल जनजागृति आंदोलन करने के लिए मजबूर होगी।

# नर्सिंग कर्मियों की समस्याओं पर चर्चा की


जालोर में चिकित्सा कर्मचारी संयुक्त समन्वय समिति का दल पी.एम.ओ. से वार्ता करने पहुंचा।
फोटो-राष्ट्रदूत

- चिकित्सालय की व्यवस्था बेहतर करने एव नर्सेज कर्मियों की समस्या को लेकर वार्ता की
- कई मुद्दों पर चर्चा कर निर्णय लिए

**जालोर**, (कासं)। चिकित्सा कर्मचारी संयुक्त समन्वय समिति जालोर के जिला संयोजक गोविंद सिंह मंडलावत के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ.पूनम टॉक, उप नियंत्रक डॉ. रमाशंकर भारती, डॉ. रामेश्वर लाल सुथार से चिकित्सालय की व्यवस्था बेहतर करने एव नर्सेज कर्मियों की समस्या को लेकर वार्ता की।

चिकित्सा कर्मचारी सयुक्त समिती के सह संयोजक पुष्पेंद्र भारती ने बताया की बैठक में अस्पताल मे नर्सेज भवन निर्माण करवाने का योजना आयोग को लंबित प्रस्ताव भिजवाने ,नर्सेज के नवीन पदनाम के परिचय पत्र बनवाने, वार्डों में चिकित्सक द्वारा समय पर भर्ती मरीजों को देखने, नर्सेज प्रथम की वरीयता सूची जारी करने, रोटेशन में पारदर्शिता से ड्यूटीया लगाने , वार्डों में गार्ड लगाने, आउटडोर में ट्रॉली सहित ट्रॉली मैन लगाने, स्टाफ को पीने के पानी की व्यवस्था मुहैया करवाने, नर्सिंग स्टूडेंट की पारदर्शिता से ड्यूटी लगाने, जीएनटीसी में सीसीटीवी कैमरे लगवाने, एक अतिरिक्त इलेक्ट्रिशियन लगाने, नर्सेज को प्रतिवर्ष सेवा पुस्तिका संबंधी जानकारी देने, तथा हर दो माह में बैठक आयोजित करने सहित कई मुद्दों पर चर्चा कर निर्णय लिए गए। इस अवसर पर समिति के उप संयोजक शहजाद खान एवं गौतम कुमार, हुकमाराम सुंदेशा, हजाराम सुंदेशा, करण सिंह, अरुण कुमार, गुलजार अली, रमजान खान, चंपालाल परमार , करण कुमार, , मोहम्मद ताहिर, ईश्वर नागर, शिवकुमार दवे, मोहन सिंह गुर्जर, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी रमेश कुमार गेहलोत आदि मौजूद रहे।

### दो नकबजन गिरफ्तार

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के प्रतापनगर सदर थाना क्षेत्र में आखलिया के पास बरकतुल्ला खां कॉलोनी में एक सूने मकान में हुई चोरी का पुलिस ने आज खुलासा करते हुए दो शातिर नकबजनों को गिरफ्तार कर काफी माल बरामद किया है। इस बारे में रविवार को पुलिस में रिपोर्ट दी गई थी।

प्रतापनगर सदर थानाधिकारी मुक्ता पारिक ने बताया कि आखलिया चौराहा के समीप बरकतुल्ला खां कॉलोनी निवासी मोहम्मद जावेद पुत्र अब्दूल रशीद की तरफ से केस दर्ज करवाया गया था। इसमें बताया कि उसकी तबीयत ठीक नहीं होने पर अपने ससुराल गया था। बाद में पिता और बहन डीडवाना चले गए। 29- 30 की रात को अज्ञात चोरों ने उसके मकान के ताले तोडकर अंदर प्रवेश किया। ताले टूटने की जानकारी सुबह पड़ौसी द्वारा दी गई। इस पर वह घर पहुंचा। अज्ञात चोरों ने सारा सामान बिखेर कर वहां से 4.50 लाख की नगदी, सोने के आभूषण जिनमें टीका, कानों की टोप्स जोडिय़ां, अंगुठियां, रखड़ी, आधा किलो चांदी के आइटम जिनमें छड़ा, पायलों एक अन्य छोटे मोटे आइटम थे चोरी कर ले गए।

थानाधिकारी मुक्ता पारिक ने बताया कि चोरों का पता लगाने के लिए पुलिस की टीम को लगाने के साथ आस पास लगे सीसीटीवी फुटेज से पता लगाया गया।

इसके बाद शिव बस्ती, बलदेवनगर निवासी हेमसिंह उर्फ चीनू पुत्र राजूसिंह एवं राहुल उर्फ खद्दू पुत्र नैनाराम भील को गिरफ्तार कर चोरी का काफी माल बरामद किया गया है। इन दोनों से अन्य चोरियों के बारे में पूछताछ की जा रही है।

# लेटा महंत ने मध्यस्थता कर अनशन तुड़वाया, धरना जारी रहेगा


जालोर में किसानों के आमरण अनशनकारियों का अनशन लेटा महंत रणछोड़ भारती महाराज ने तुड़वाया।
फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जालोर जिला मुख्यालय पर भारतीय किसान संघ के बैनर तले जवाई बांध से नदी में पानी छोड़ने को लेकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन मंगलवार को महापडाव में तब्दील होता नजर आया। मंगलवार को धरना स्थल पर आमरण अनशन पर बैठे तीन - चार किसानों की तबीयत खराब होने की सूचना पर आखिर लेटा महंत रणछोड़भारती महाराज को किसानो के बीच पहुंचकर अनशन तुडवाना पड़ा। धरना स्थल पर मंगलवार को किसानो ने महापडाव रखते हुए लापसी बनाईं। धरना में बैठे अन्य किसानो ने अनशनकारियों के समक्ष लापसी खाई। महंत रणछोडभारती महाराज काफी नाराज हुए। वहीं उन्होंने एक प्रतिनिधि मंडल जयपुर भेजने को लेकर जन अभाव निराकरण समिति के अध्यक्ष पुखराज पाराशर से वार्ता की। जिसके बाद किसानो का एक प्रतिनिधि मंडल जयपुर रवाना होगा। जब तक कलैक्ट्रेट के समक्ष धरना प्रदर्शन जारी रहेगा।

जालोर जिला मुख्यालय पर कलैक्ट्रेट के समक्ष जवाई बांध का पार्नी नदी में छोडने व सात घंटे बिजली देने की मांग को लेकर किसानो का अनिश्चिकालीन धरना व 25 किसानो का आमरण अनशन मंगलवार को भी जारी रहने पर किसानो में आक्रोश देखा गया। किसानो ने मंगलवार को महापडाव का एलान करते हुए धरना स्थल पर ही राशन सामग्री लेकर पहुंच गये तथा सुगन के रूप में लापसी बनाई। वही धरना स्थल पर अनशनकारियों के समक्ष ही अन्य लोगो ने जमकर लापसी का स्वाद चखा। जिसको लेकर कई किसान नाराज नजर आये। धरना स्थल पर अनशन कर रहे तीन चार उम्रदराज किसानो की तबीयत खराब होने पर उन्हे हॉस्पीटल पहुंचाया गया। जिसके बाद प्रशासन भी हरकत में आया तथा प्रशासन के भी हाथ पैर फूल गये। जिला कलैक्टर निशांत जैन द्वारा एक बार भी धरना स्थल पर पहुंचकर किसानो की सुध नही लेने से किसानो में जिला कलैक्टर के प्रति भी आक्रोश देखा गया। ऐसे में करीब छह दिन से किसान अपनी मांगो लेकर अपने घर बाहर छोड़कर धरने पर बैठे है। लेकिन प्रशासन व सरकार की ओर से किसानो के हक की मांगो को लेकर कोई ठोस कदम नही उठाने से जिलेभर में प्रशासन व सरकार के खिलाफ लोगो में नाराजगी देखी जा रही है। दिनभर किसानो का धरना स्थल पर जमावाडा देखा गया। लेकिन उम्रदराज किसानो के अनशन पर बैठने पर चिंता बढने पर मंगलवार शाम को लेटा महंत रणछोड़ भारती ने पहुंचकर ज्यूस पिलाकर अनशन तुड़वाया। जबकि किसानों ने धरना जारी रखने का निर्णय लिया। अब एक प्रतिनिधिमंडल जयपुर जाकर किसानों के हक की बात सरकार के साथ करेगा। जवाई बांध के पानी को नदी में छोड़ने की मांग को लेकर जालोर जिला मुख्यालय पर छह दिनों से किसानों ने धरना दिया हुआ है। इसमें 25 किसान चार दिन से अनशन पर बैठे हुए है। उधर अनशन कर रहे भूखे किसानों के बीच अन्य पदाधिकारियों ने लापसी बनाकर धरना स्थल पर ही खानी शुरू कर दी। शाम को लेटा मंदिर के महंत रणछोड़ भारती धरना स्थल पर पहुंचे, उनका कहना था कि एक तरफ किसान भूखे बैठे है, वहीं दूसरे किसान उसी स्थान पर लापसी जीम रहे है, यह ठीक नहीं है। भूखे रहे किसानों ने क्या बिगाडा है। उन्होंने अनशनकारियों को ज्यूस पिलाकर अनशन तुडवाया, पदाधिकारियों ने धरना जारी रखने का निर्णय किया। अब एक प्रतिनिधिमंडल जयपुर जाकर अधिकारियों से वार्ता करेगा।

जवाई बांध का नदी में छोड़ने को लेकर किसानो का जिले के जनप्रतिनिधियों का पूर्ण सहयोग नही मिलने से नाराजगी देखी जा रही है। ऐसे में मंगलवार को धरने के छठे दिन सांसद देवजी पटेल धरना स्थल पर पहुंचे। लेकिन अभिवादन करने के लिए एक भी किसान खड़ा तक नही हुआ।

## सार-समाचार

### नारी निकेतन व बालिका गृह का निरीक्षण

**जोधपुर**, (कासं)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जोधपुर महानगर के सचिव सुरेंद्र सिंह सांदू एवं महिला न्यायिक अधिकारी एवं अपर मुख्य महानगर (पीसीपीएनडीटी), जोधपुर महानगर ज्योत्सना द्वारा गठित निरीक्षण दल ने मंगलवार को नारी निकेतन, जोधपुर का निरीक्षण किया। आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए नारी निकेतन में निवासरत आवासनियों से वार्ता की गई तथा इस गृह में निवासरत महिलाओं के स्वास्थ्य, खान-पान, अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित किए जाने के निर्देश प्रदान किये गये। इसी क्रम में रालसा, जयपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जोधपुर महानगर के सचिव सुरेंद्र सिंह सांदू द्वारा मंगलवार को राजकीय बालिका गृह, जोधपुर का औचक मासिक निरीक्षण किया गया एवं समस्त व्यवस्थाओं की जांच-पड़ताल कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। साथ ही राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 12 नवंबर को प्रस्तावित वर्ष 2022 की चतुर्थ राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता तथा कार्य योजना के लिए मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जोधपुर महानगर के सचिव सुरेन्द्र सिंह सांदू, द्वारा विभिन्न विभागों के अधिकारीगण के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रभारी अधिकारी एवं अपर जिला कलक्टर तृतीय, जोधपुर विद्युत वितरण विभाग के जोनल अधिकारी, जोधपुर विकास प्राधिकरण के अधिकारी, नगर निगम उत्तर /दक्षिण के अधिकारीगण तथा विकास अधिकारी लूणी व मण्डोर उपस्थित रहे।

### चिकित्सा व्यवस्थाओं की समीक्षा की

**जोधपुर**, (कासं)। जिला कलेक्टर हिमांशु गुप्ता ने मंगलवार को अपने कक्ष में मेडिकल कॉलेज एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग से सम्बंधित विभिन्न प्रकरणों एवं विकास कार्य के लंबित मामलों के निस्तारण को लेकर सम्बंधित अधिकारियों के साथ बैठक ली। बैठक में जिला कलक्टर ने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र से सम्बंधित बजट घोषणाओं एवं अन्य विकास कार्यों में आ रही समस्याओं पर जानकारी ली तथा इनके निराकरण के बारे में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सम्बंधित विभागों से क्षेत्रीय कैंसर अस्पताल, ट्रोमा सेंटर, जिला अस्पतालों के निर्माण कार्य, शहरी क्षेत्र में जनता क्लिनिक, शहरी क्षेत्र में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के उन्नयन कार्य आदि विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की। जिला कलक्टर ने मुख्यमंत्री द्वारा प्रदत्त निर्देशों की अनुपालना में जिले के अस्पतालों की उपयुक्त साफ़-सफाई सुनिश्चित करने के साथ ही अस्पताल भवनों के सीवरेज, शौचालयों, बिजली, पानी, फर्नीचर, रंगरोगन आदि से संबंधित विभिन्न व्यवस्थाओं को सुदृढ एवं सुव्यवस्थित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न लंबित प्रकरणों पर चर्चा करते हुए इनमें से भूमि आवंटन से जुड़े मामलों पर सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही कर निस्तारण के निर्देश दिए। ,बैठक में जिला परिषद् के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अभिषेक सुराणा, अतिरिक्त जिला कलक्टर मदनलाल नेहरा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जितेन्द्र पुरोहित सहित विभिन्न विभागों के सम्बंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### थाने के पीछे अवैध गैस रिफ्लिंग पकड़ी

**जोधपुर**, (कासं)। शहर में गत दिनों माता का थान क्षेत्र में अवैध गैस रिफ्लिंग कांड के बाद कुछ दिनों तक पुलिस हरकत में रही। कई अवैध रूप से गैस रिफ्लिंग करने वाले भूमिगत हो गए। दिन में पुलिस की सक्रियता रहने पर रात को अवैध रिफ्लिंग करने लगे है। बासनी पुलिस ने मंगलवार की अलसुबह थाने के पीछे एक मकान के कमरें अवैध रिफ्लिंग करते युवक को पकड़ा। अलसुबह की गई कार्रवाई के पांच घंटे बाद जिला रसद की टीम वहां पहुंची। पुलिस ने मौका स्थत और कमरों से दस सिलेण्डरों को जब्त किया। इस बारे में अब रसद विभाग की तरफ से कार्रवाई की जा रही है। एसीपी पश्चिम चक्रवर्ती सिंह राठौड़ ने बताया कि अलसुबह सूचना मिली कि बासनी थाने के पीछे एक व्यक्ति द्वारा अपने किराए के कमरें पर अवैध रूप से गैस रिफ्लिंग कर रहा है। इस पर एएसआई भीमसिंह मय जाब्ते के वहां पहुंचे। युवक किशोर सिंह से पूछताछ की जा रही है। थानाधिकारी पाना चौधरी ने बताया कि जिस मकान में युवक रहता है वहां कई सारें कमरें बने है। अलग अलग कमरों में वह सिलेण्डर रखता है। पुलिस ने दस गैस सिलेण्डर जब्त कर जिला रसद टीम को दिए है। अब रसद विभाग की तरफ से कार्रवाई की जा रही है।

### इन्दिरा रसोई केन्द्रों की व्यवस्था जांची

**जालोर**, (कासं)। जिला कलक्टर निशान्त जैन के निर्देशन में जिले में संचालित इन्दिरा रसोई केन्द्रों का उपखण्ड अधिकारियों व तहसीलदारों द्वारा औचक निरीक्षण करने के साथ ही भोजन की गुणवत्ता जांची गई। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा इन्दिरा रसोई केन्द्रों में साफ-सफाई व प्रबंधन को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए। उपखण्ड अधिकारी भीनमाल जवाहरराम चौधरी द्वारा जुंजाणी बस स्टेण्ड भीनमाल एवं करड़ा चौराहा स्थित इन्दिरा रसोई केन्द्र का दौरा कर भोजन की गुणवत्ता सहित आवश्यक व्यवस्थाएँ जांची गई। वही प्रशिक्षु आर.ए.एस. रवि गोयल एवं तहसीलदार जालोर पारसमल राठौड़ द्वारा जिला मुख्यालय पर स्थित इन्दिरा रसोई केन्द्र चुंगी नाका व नगर परिषद का निरीक्षण कर भोजन चखकर गुणवत्ता परखी। इसी प्रकार रानीवाड़ा उपखण्ड अधिकारी कुसुम चौहान द्वारा रानीवाड़ा स्थित इन्दिरा रसोई केन्द्र का निरीक्षण किया गया। सांचौर उपखण्ड अधिकारी शैलेन्द्र सिंह व तहसीलदार रामस्वरूप जौहर द्वारा सांचौर शहर स्थित इन्दिरा रसोई केन्द्र में भोजन कर व्यवस्थाएं जांची। गौरतलब है कि राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना इन्दिरा रसोई केन्द्रों पर ''कोई भूखा न सोए'' की संकल्प के तहत मात्र 8 रूपये की अनुदानित दर पर पौष्टिक भोजन उपलब्ध करवाया जा रहा है। जिले में वर्तमान में कुल 13 रसोई केन्द्र संचालित है।

### कचरा फैलाने वालों पर लगेगा जुर्माना

**जोधपुर**, (कासं)।शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर करने और अलग-अलग जगहों पर अनावश्यक रूप से कचरा फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को लेकर आयुक्त अतुल प्रकाश में मुख्य सफाई निरीक्षकों को निर्देश जारी किए हैं। आयुक्त अतुल प्रकाश ने मंगलवार को मुख्य सफाई निरीक्षकों की बैठक ली। बैठक में गली व रोड पर कचरा डालने वाले रहवासी भवनों के निवासियों, दुकानदारों से जुर्माना राशि वसूल की जाएगी वही दुकानों में कचरा पात्र नहीं रखने, विवाह स्थल के समीप आयोजन के समय कचरा फैलाने वाले एवं प्लास्टिक कचरा अन्यत्र फैलाने वालों के विरुद्ध भी जुर्माना लगाने की कार्रवाई की जाएगी। आयुक्त अतुल प्रकाश ने कहा कि समस्त मुख्य सफाई निरीक्षक व वार्ड प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों में ऐसे लोगों के विरुद्ध चालान बनाकर शास्ति राशि वसूल करेंगे और प्रत्येक वार्ड प्रभारी प्रतिदिन न्यूनतम 5 चालान काटने की कार्रवाई करेगा। अभियान के लिए अधीक्षण अभियंता भरत टेपण को प्रभारी अधिकारी बनाया गया है। बैठक में मुख्य सफाई निरीक्षक चैन सिंह, अपूर्ण पुरोहित, मदन सिंह परिहार, गौतम कंडारा, लक्ष्मण सिंह उपस्थित थे।

### आर्थिक तंगी में पेड़ पर लगाया फंदा

**जोधपुर**, (कासं)। करवड़ स्थित केलावाकलां गांव के रहने वाले एक कृषक ने आर्थिक तंगी से परेशान होकर पेड़ पर फंदा लगा लिया। बेटा बेटी खाना लेकर पहुंचे तब वह फंदे पर लटका मिला। इस पर फंदा काटकर उसे उतारा गया। बाद में पुलिस को सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची। शव को कार्रवाई के बाद उसके परिजन के सुपुर्द कर दिया गया। आरंभिक पड़ताल में सामने आया कि वह आर्थिक तंगी से संभवतः परेशान था। करवड़ थानाधिकरी बुधाराम ने बताया कि केलावाकलां निवासी 40 साल का माधुसिंह पुत्र बलवंतसिंह राजपूत एक खेत पर कृषा कार्य करता था। वह अल सुबह खेत पर गया और बाजरा फसल की कटाई के बाद खेत पर रोहिड़ा के पेड़ में रस्सी डालकर झूल गया। सुबह नौ बजे जब बेटा- बेटी खाना लेकर वहां पहुंचे तब वह फं दे पर लटका दिखा। इस पर बेटा पेड़ पर चढ़ा और फंदा काटकर पिता को नीचे उतारा। उसे घर लेकर चले गए। बाद में पुलिस को सूचना मिलने पर वहां पहुंची। शव को एमजीएच लाया गया और पोस्टमार्टम करवा परिजन को सुपुर्द कर दिया गया। उसके भतीजे महेंद्रसिंह ने रिपोर्ट दी है। वह संभवतः आर्थिक तंगी से परेशान था।

### अल्पसंख्यक छात्रवृति की अंतिम तिथि बढ़ी

**जालोर**, (कासं)। अल्पसंख्यक मामलात विभाग की ओर से केन्द्र प्रायोजित छात्रवृति प्री-मैट्रिक, पोस्ट मैट्रिक, मैरिट-कम-मिन्स एवं बेगम हजरत महल छात्रवृति के आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाई गई है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ललित कुमार मेवाड़ा ने बताया कि अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल के माध्यम से प्री-मैट्रिक एवं बेंगम हजरत महल (कक्षा 9 से 12 तक की बालिकाओं के लिए) छात्रवृति योजना के लिए 15 नवम्बर तक एवं पोस्ट मैट्रिक व मेरिट कम मीन्स छात्रवृति योजना के लिए 30 नवम्बर तक ऑनलाइन आवेदन किये जा सकते है।

